# राजस्थान सरकार के बजट 2022-23 का सार संग्रह

# संजीव®

**विगत 47 वर्षों से विश्वसनीय एवं लोकप्रिय संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रतियोगिता परीक्षाओं हेतु पूर्णतः पाठ्यक्रम आधारित संशोधित पुस्तकें बाजार में उपलब्ध**

**आर्थिक समीक्षा 2021-22 एवं बजट 2022-23 के तथ्यों एवं आंकड़ों का समावेश**




**अपने निकटतम पुस्तक विक्रेता से आज ही खरीदें।**

**संजीव वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें**

राजस्थान की आर्थिक समीक्षा 2021-22 का सार संग्रह; राजस्थान के बजट 2022-23 का सार संग्रह; राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी (जनवरी 2021 से प्रत्येक माह)

**प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर**

Visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राजस्थान सरकार के बजट 2022-23 का सार संग्रह

- राजस्थान सरकार के वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए मुख्यमंत्री (वित्तमंत्री) **अशोक गहलोत** द्वारा **23 फरवरी, 2022** को राज्य की **15वीं विधानसभा** में चौथा बजट प्रस्तुत किया गया।
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 2022-23 के बजट में **राज्य का पहला 'कृषि बजट'** प्रस्तुत किया। इससे पूर्व 2012-13 में पहला **'जेण्डर बजट'** एवं 2021-22 में पहला **'पेपरलैस बजट'** भी अशोक गहलोत के द्वारा प्रस्तुत किया गया था।

**राजस्थान बजट 2022-23 के अन्तर्गत–**

- वित्तीय वर्ष 2022-23 में **कुल राजस्व प्राप्तियां ₹21497723.50 लाख** अनुमानित हैं। 2021-22 संशोधित अनुमान में यह **₹18943148.72 लाख** रही।
- वित्तीय वर्ष 2022-23 में **कुल पूंजीगत प्राप्तियां ₹13132498.95 लाख** अनुमानित हैं। 2021-22 संशोधित अनुमान में यह **₹12969720.44 लाख** रही।
- वित्तीय वर्ष 2022-23 में **राजस्व व्यय ₹23846579.07 लाख** अनुमानित है। 2021-22 संशोधित अनुमान में यह **₹22512084.30 लाख** रहा।
- वित्तीय वर्ष 2022-23 में **पूंजीगत व्यय ₹10771703.90 लाख** अनुमानित है। 2021-22 संशोधित अनुमान में यह **₹9397341.32 लाख** रहा।
- वित्तीय वर्ष 2022-23 में **राजस्थान का राजकोषीय घाटा ₹5821155.06 लाख** अनुमानित है। 2021-22 संशोधित अनुमान में यह **₹6201501.47 लाख** रहा।
- वित्तीय वर्ष 2022-23 में **राजस्थान का राजस्व घाटा ₹2348855.57 लाख** अनुमानित है। 2021-22 संशोधित अनुमान में यह **₹3568935.58 लाख** रहा।

**रुपया आता है।**

- **आन्तरिक उधार, शुद्ध सार्वजनिक लेखा, केन्द्रीय ऋण, ऋणों की वसूली, विविध पूंजीगत प्राप्तियाँ एवं आकस्मिकता निधि – 37.92 पैसे**
- केन्द्रीय करों में हिस्सा – 14.21 पैसे
- केन्द्रीय सहायता – 13.09 पैसे
- राज्य वस्तु एवं सेवा कर – 11.41 पैसे
- बिक्री कर – 7.22 पैसे
- कर-भिन्न राजस्व – 6.40 पैसे
- राज्य उत्पाद शुल्क – 4.33 पैसे
- वाहनों पर कर – 2.02 पैसे
- अन्य कर – 3.40 पैसे

**रुपया जाता है।**

- **राजस्व व्यय – 60.55 पैसे**
- आन्तरिक व केन्द्रीय ऋणों का पुनर्भुगतान एवं आकस्मिकता निधि का विनियोग – 21.00 पैसे
- पूंजीगत परिव्यय – 10.06 पैसे
- ब्याज की अदायगी – 8.33 पैसे
- ऋण एवं अग्रिम – 0.06 पैसे

**राजस्थान बजट–**

- आय-व्ययक अनुमान 2022-23 में योजना उद्व्यय अन्तर्गत **₹1,69,655.55 करोड़** प्रस्तावित है। योजनाओं के उद्व्ययों का मुख्य क्षेत्रवार विवरण निम्नानुसार है–

(राशि ₹ करोड़ में)

| क्षेत्र | प्रस्तावित परिव्यय | कुल से प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1. कृषि एवं सम्बद्ध सेवाएं | 11577.83 | 6.82 |
| 2. ग्रामीण विकास | 28051.71 | 16.54 |
| 3. विशेष क्षेत्र कार्यक्रम | 289.22 | 0.17 |
| 4. सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण | 6135.46 | 3.62 |
| 5. विद्युत | 25260.33 | 14.89 |
| 6. उद्योग एवं खनिज | 2093.59 | 1.23 |
| 7. परिवहन | 10026.87 | 5.91 |
| 8. वैज्ञानिक सेवाएं | 24.17 | 0.01 |
| 9. **सामाजिक एवं सामुदायिक सेवाएं** | **78631.61** | **46.35** |
| 10. आर्थिक सेवाएं | 3387.69 | 2.00 |
| 11. सामान्य सेवाएं | 4177.07 | 2.46 |
| **योग** | **169655.55** | **100.00** |

**विभिन्न क्षेत्रवार बजट की विशेषताएँ–**

**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें–**

- बजट 2022-23 में **चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र** (आयुष सहित) के लिए **₹13786.47 करोड़** का प्रावधान किया गया। इसमें निम्न घोषणाएँ की गईं–
- चिरंजीवी योजना में प्रति परिवार **10 लाख रुपये का सालाना चिकित्सा बीमा** मिलेगा तथा चयनित बीमारियों का भी **नि:शुल्क इलाज** होगा।
- सभी श्रेणी के **राजकीय चिकित्सा संस्थानों** में उपलब्ध Outdoor (OPD) एवं Indoor (IPD) चिकित्सा सुविधाएं समस्त राजस्थान वासियों के लिए **पूर्णत: नि:शुल्क** रहेंगी।
- **मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना** लागू की गई जिसमें बीमित परिवार को **5 लाख रुपये** तक का **नि:शुल्क दुर्घटना बीमा कवर** मिलेगा।
- नये खुलने वाले **15 मेडिकल कॉलेजों** हेतु **1224 करोड़ रुपये** से अधिक की लागत से 15 मेडिकल कॉलेज चिकित्सालयों का निर्माण होगा जिसमें **3,674 बेड क्षमता** विकसित होगी।
- राज्य के **18 जिलों में नर्सिंग महाविद्यालय** खोले जाएंगे।

- **जयपुर, जोधपुर, अजमेर** एवं **कोटा** में नये **Medical Institutes** स्थापित होंगे, इनमें शामिल हैं–
  I. Institutes of Neuro Sciences and Opthalmology (SMS Medical College, Jaipur)
  II. Institute of Neuro Sciences (SN Medical College, Jodhpur)
  III. Institute of Paediatrics, Neonatology and Maternity (JK Lone Hospital, Kota)
  IV. Institute of Paediatrics and Neonatology (JLN Medical College, Ajmer)
- **संभागीय मेडिकल कॉलेजों** में 7 सुपर स्पेशियलिटी सुविधायें सुनिश्चित की जाएंगी।
- प्रदेश में 1000 **नये उप स्वास्थ्य केन्द्र** खोले जाएंगे।
- **50 उप स्वास्थ्य केन्द्रों** (Sub Centres) को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रमोन्नत कर **100 प्राथमिक स्वास्थ्य** केंद्र खोले जाएंगे।
- उप जिला चिकित्सालयों तथा **352 पंचायत समिति मुख्यालयों** पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (CHC) पर डायलिसिस एवं दंत चिकित्सा की सुविधा मिलेगी।
- प्रत्येक जिले हेतु Mobile Cancer Diagnostic Van उपलब्ध हो सकेगी।
- **10 नई मोबाइल खाद्य सुरक्षा प्रयोगशालाएं** संचालित की जाएंगी।

**सड़क सुरक्षा–**

- दुर्घटना रोकने के लिए राजस्थान में **Road Safety Act** लाया जाकर **'Rajasthan Public Transport Authority'** का गठन किया जाएगा।
- जयपुर में **State Road Safety Institute** की स्थापना होगी।

**शिक्षा एवं खेल–**

- राजस्थान के समस्त 3820 सैकण्डरी विद्यालयों को **सीनियर सैकण्डरी विद्यालयों में क्रमोन्नत** किया जाएगा।
- राजस्थान के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 1000-1000 महात्मा गांधी English Medium स्कूल और खोले जाएंगे।
- राजस्थान में पहली बार English Medium शिक्षकों का cadre-within-cadre बनाकर लगभग **10 हजार अंग्रेजी माध्यम के शिक्षकों की भर्ती** होगी।
- **रेगिस्तानी क्षेत्र** वाले जिलों में **200 प्राथमिक विद्यालय** खोले जाएंगे।
- **जयपुर** के जवाहर लाल नेहरू (JLN) मार्ग पर **'Education Hub'** बनेगा।
- राजस्थान के **19 जिलों** में **36 नये कन्या महाविद्यालय** खोले जाएंगे।
- **जोधपुर** में 15 करोड़ रुपये की लागत से **सामाजिक सद्भावना एवं समरसता** पर शोध हेतु Centre of Excellence and Research की स्थापना होगी।
- राजस्थान के प्रत्येक जिले में **50-50 लाख रुपये** की लागत से **सावित्री बाई फुले वाचनालय** खोले जाएंगे।
- **जयपुर** व **जोधपुर** में 20-20 करोड़ रुपये की राशि से **आवासीय पैरा खेल अकादमी** प्रारंभ होंगी।
- **टोंक** में **Multipurpose Indoor स्टेडियम** बनाया जाएगा।
- **जोधपुर** में **Rajasthan State Sports Institute** एवं **Rajasthan High Performance Sports Training and Rehabilitation Centre** खोले जायेंगे।
- **बीकानेर, भरतपुर** और **कोटा** में **विज्ञान केन्द्र** विकसित किए जाएंगे।
- **अनुप्रति कोचिंग योजना** में लाभार्थियों की संख्या 15,000 की गई।

**युवा एवं रोजगार–**

- **दिल्ली** स्थित **'उदयपुर हाउस'** में **500** युवक-युवतियों के लिए 300 करोड़ रुपये की लागत से 250 कमरों का **Nehru Youth Transit Hostel and Facilitation Centre** बनेगा जिसमें **कोचिंग एण्ड कैरियर काउंसलिंग** के लिए **दिल्ली** जाने वाले प्रदेश के **अल्प आय वर्ग के युवाओं** के लिए ठहरने की सुविधा मिलेगी।
- **जयपुर, जोधपुर** व **कोटा** में **200-200 करोड़ रुपये** से **'Rajiv Gandhi Knowledge Service & Innovation Hubs'** बनेगा जिसमें **छोटे उद्योगों और स्टार्टअप्स** को सस्ती दरों पर प्लग एंड प्ले सुविधा मिलेगी।
- **महिलाओं** के लिए **'मुख्यमंत्री Work from Home-Job Work योजना'** शुरू होगी।
- **मनरेगा** में वर्ष में रोजगार **125 दिवस** का होगा तथा मनरेगा की तर्ज पर **शहरों में भी रोजगार** उपलब्ध होगा।
- **18वीं राष्ट्रीय भारत स्काउट गाइड जम्बूरी** का रोहट-पाली में आयोजन होगा।
- **SOG** में परीक्षाओं के लिए **Anti Cheating Cell** का गठन होगा जो भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं को रोकेगी।

**औद्योगिक विकास–**

- **17 जिलों** में **32 नये औद्योगिक क्षेत्रों** की स्थापना की जाएगी। **नए एमएसएमई** स्थापित करने पर एनओसी की छूट को 3 साल से बढ़ाकर **5 साल** कर दिया गया।
- **सलारपुर औद्योगिक क्षेत्र-ग्रेटर भिवाड़ी** (अलवर) तथा **बोरानाडा-जोधपुर** में **250-250 करोड़ रुपये** की लागत से Technology आधारित Multi Storied Industrial Complex स्थापित होंगे।
- **पचपदरा-बाड़मेर** में पेट्रोलियम, केमिकल एवं पेट्रोकेमिकल्स इन्वेस्टमेंट रीजन (PCPIR) की स्थापना होगी। इससे **1.40 लाख रोजगार** उपलब्ध होंगे।
- औद्योगिक इकाइयों हेतु **राजस्थान औद्योगिक सुरक्षा बल (RISF)** का गठन होगा जिसमें 2,000 सुरक्षाकर्मियों की भर्ती होगी।

**सामाजिक सुरक्षा–**

- **एसटी-एससी विकास कोष** की राशि बढ़ाकर **500-500 करोड़** रुपये की गई।
- सामान्य श्रेणी के आर्थिक रूप से कमजोर (EWS) परिवारों के लिए **100 करोड़ रुपये** का **EWS कोष** बनेगा।

संजीव प्रकाशन

- **इंदिरा रसोई** की संख्या **358** से बढ़ाकर 1000 की गई तथा इसके लिए 250 करोड़ रुपये का वार्षिक व्यय प्रावधान किया गया।
- **'मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना'** के तहत स्कूटी की संख्या 2000 से बढ़ाकर 5000 की गई एवं **'काली बाई भील'** एवं **'देवनारायण' योजना** में मेधावी छात्राओं को 20000 स्कूटी दी जाएगी।
- **जयपुर** के **जामडोली** में **बाबा आमटे दिव्यांग विश्वविद्यालय** की स्थापना होगी।
- **'इंदिरा गांधी मातृत्व पोषण योजना'** का दायरा 5 जिलों से बढ़ाकर इसे **पूरे प्रदेश** में लागू किया गया। इसके तहत दूसरी संतान के जन्म पर भी **₹6000 की सहायता** प्रदान की जाती है।
- **सावित्री बाई फुले बालिका छात्रावास योजना** के अंतर्गत 6 छात्रावास बनाए जाएंगे।

**आधारभूत संरचना एवं सड़क-शहरी विकास–**

- प्रत्येक **विधानसभा क्षेत्र** के लिए 10 करोड़ रुपये सड़कों के कार्य होंगे।
- प्रत्येक **नगर निगम** की 40 किलोमीटर, **नगर परिषद** की 25 किलोमीटर व **नगर पालिका** की 15 किलोमीटर मुख्य सड़कों के मेजर रिपेयर कार्य होंगे।
- प्रदेश के 1000 किलोमीटर लम्बाई के **राजमार्गों** को **2 लेन** का किया जाएगा।
- केन्द्र की तर्ज पर राजस्थान **स्मार्ट सिटी योजना** के तहत **जोधपुर, बीकानेर, भरतपुर, अलवर, भीलवाड़ा** एवं **चित्तौड़गढ़** के समग्र विकास के लिए इन्हें **राजस्थान स्मार्ट सिटी योजना** में शामिल किया गया है। **₹1500 करोड़** से स्मार्ट सिटी के तहत कार्य होंगे।
- **जयपुर मेट्रो** का फेज **1C** बड़ी चौपड़ से ट्रांसपोर्ट नगर तक एवं फेज 1D मानसरोवर से 200 फीट बाईपास पर अजमेर रोड तक विस्तार होगा।
- **जयपुर** के **सिंधी कैम्प बस स्टैण्ड** को **Multimodal Integrated ISBT Hub** के रूप में विकसित किया जाएगा तथा सीकर रोड, अजमेर रोड, आगरा रोड, टोंक रोड एवं दिल्ली रोड पर सेटेलाइट बस टर्मिनल बनेंगे।
- प्रदेश के **दुर्गम, दूरस्थ** एवं **पिछड़ें क्षेत्रों** में आधारभूत संरचना एवं ग्रामीण विकास के लिए **मुख्यमंत्री क्षेत्रीय ग्रामीण विकास योजना** प्रारंभ होगी।
- **उदयपुर** एवं **कोटा** में यूआईटी के स्थान पर **विकास प्राधिकरण** का गठन होगा।

**पेयजल एवं जल संसाधन–**

- **जल जीवन मिशन** के तहत-लगभग 13,921 करोड़ रुपये की **24 परियोजनाओं** तथा 10000 करोड़ रुपये से अधिक की **36 परियोजनाओं** का कार्य किया जाएगा।
- **उदयपुर** की **कोटड़ा** तहसील में 2 बांधों बुजा एवं चक सांडमारिया का ₹1800 करोड़ की लागत से निर्माण होगा।

**ऊर्जा–**

- **छबड़ा तापीय विद्युतगृह का विस्तार** करके यहां 660-660 मेगावाट की दो इकाइयों की स्थापना होगी।
- **कालीसिंध-झालावाड़ तापीय विद्युत परियोजना** का विस्तार करके यहां 800 मेगावाट की तीसरी इकाई स्थापित होगी।
- **गुढ़ा-बीकानेर** में 125 मेगावाट की लिग्नाइट कोयला आधारित तापीय विद्युत परियोजना स्थापित होगी।
- **'पुनरोत्थान वितरण क्षेत्र योजना'** (RDSS) के अंतर्गत 48 लाख उपभोक्ताओं के प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाये जाएंगे।
- **धौलपुर** व **उदयपुर** में 400-400 केवी ग्रिड सब स्टेशन स्थापित होंगे।
- **100 यूनिट** तक हर माह बिजली उपयोग करने वालों को **50 यूनिट फ्री** मिलेगी।
- **150 यूनिट** तक हर माह बिजली उपभोग करने वालों को **3 रुपए प्रति यूनिट का अनुदान** दिया जाएगा।
- **150 से 300 यूनिट** तक हर माह बिजली उपभोग करने वालों को **2 रुपए प्रति यूनिट का अनुदान** दिया जाएगा।

**वन एवं पर्यावरण–**

- प्रदेश में हरियाली बढ़ाने के लिए 50 हजार हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र में पौधारोपण होगा।
- **जोधपुर, बीकानेर, कोटा, उदयपुर, भरतपुर** व **अजमेर में Botanical Gardens** विकसित होंगे।
- **वन्यजीवों को गोद** लेने के लिए **Captive Animal Sponsorship Scheme** लागू होगी।
- **e-Waste** के निस्तारण के लिए **'e-Waste Disposal Policy'** व जयपुर में **'e-Waste Recycling Park'** बनाया जाएगा।

**पर्यटन, कला एवं संस्कृति–**

- **पर्यटन एवं हॉस्पिटलिटी क्षेत्र** को **उद्योग का दर्जा** दे दिया गया है।
- पर्यटकों के लिए **ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल** विकसित होगा।
- पर्यटन विकास कोष को **₹500 करोड़** से बढ़ाकर **₹1000 करोड़** किया गया।
- राजस्थान प्रदेश में **इन्ट्रास्टेट हवाई सेवा** का पुनः संचालन किया जाएगा।
- अन्य ट्यूरिज्म की तरह **एडवेंचर ट्यूरिज्म** की शुरुआत होगी।
- पयर्टन स्थलों हेतु **500 'पर्यटक मित्र'** की भर्ती होगी।
- डूंगरपुर व बांसवाड़ा क्षेत्र में पर्यटन विकास हेतु **वागड़ टूरिस्ट सर्किट** विकसित किया जाएगा।

**कानून व्यवस्था–**

- 108 एंबुलेंस की तर्ज पर अभय कमांड सेंटर, Dial 100/Dial 112 से जोड़ते हुए **500 पुलिस मोबाइल Units** का गठन होगा।
- राजस्थान के **सभी जिलों** में **Cyber Police Stations** की स्थापना होगी।

संजीव प्रकाशन

- साइबर अपराध की रोकथाम, डिजिटल इकोसिस्टम की साइबर खतरों से सुरक्षा सुदृढ़ करने तथा आम जन को जागरूक करने के उद्देश्य से **सेंटर फॉर साइबर सिक्योरिटी** की स्थापना की जाएगी।
- आमजन को त्वरित न्याय दिलाने के लिए विभिन्न प्रकार के 25 नवीन न्यायालय खोले जाएंगे।

**सुशासन–**

- **'मुख्यमंत्री डिजिटल सेवा योजना'** के अंतर्गत एक करोड़ तैंतीस लाख चिरंजीवी परिवारों की महिला मुखियाओं को तीन वर्ष की Internet Connectivity के साथ smart phone दिये जाएंगे।
- **181 CM-Helpline** के लिए 1000 सीटिंग क्षमता वाले Call centre की स्थापना होगी।
- ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में **Block Chain Centre of Excellence** की स्थापना होगी।
- 'Digital Verification' आधारित Auto Approval तथा Deemed Approval प्रणाली के लिए **'Rajasthan Guranteed Service Delivery and Accountability Act'** लाया जाएगा।
- **दौलतपुरा (जमवारामगढ़), जयपुर** में **नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान** स्थापित होगा।
- राजस्थान में **14 नवीन नगर पालिकायें** बनाई जाएगी।
- **कोटपूतली** (जयपुर) व **कुचामन सिटी** (नागौर) नगर पालिका को **नगर परिषद** में क्रमोन्नत किया जाएगा।
- **जयपुर** में **सैनिक कल्याण भवन** का निर्माण होगा।
- **1 जनवरी, 2004** और इसके पश्चात् नियुक्त **राज्य कार्मिकों** के लिए पूर्व/पुरानी **पेंशन योजना (OPS)** लागू की जाएगी।
- **संविदाकर्मियों** एवं **नगरीय निकायों** व **पंचायतराज संस्थाओं** के चुने हुए **जनप्रतिनिधियों** के मानदेय/भत्तों में **20 प्रतिशत वृद्धि** होगी।

**कृषि बजट–**

- राजस्थान सरकार द्वारा वर्ष 2022-23 के लिए **पहली बार** पृथक रूप से **'कृषि बजट'** पेश किया गया। जिसके अन्तर्गत पहले से चल रही कई योजनाओं को बढ़ाया गया है जिससे किसानों को प्रत्यक्ष लाभ होगा। कृषि बजट 2022-23 के तहत निम्न घोषणाएं की गई–
  - **मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना** को ₹5000 करोड़ किया गया। यह पहले ₹2000 करोड़ की थी।
  - ₹20 हजार करोड़ के **कृषि ऋण वितरण** का लक्ष्य रखा गया है।
  - राज्य में **11 मिनी फूड पार्क** और **टोंक** के निवाई स्थित चैनपुरा में **मिनी एग्रोपार्क** विकसित होगा।
  - 1 लाख किसानों को **सोलर पंप के लिए अनुदान** बढ़ाकर 60 प्रतिशत किया गया।
  - **18 नए कृषि महाविद्यालय** खोले जाएंगे।
  - **मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना** में अनुदान 2 रुपये से बढ़ाकर 5 रुपये प्रतिलीटर किया गया।
  - 6 लाख **पशुपालकों का बीमा** किया जाएगा।
  - **अकृषि क्षेत्र** में एक लाख परिवारों को **2000 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त ऋण** दिया जाएगा।
  - कृषि बजट के अन्तर्गत कृषि क्षेत्र के विकास को 11 मिशन में समेटा गया है, जो निम्न हैं–

**मिशन–**

**(1) राजस्थान सूक्ष्म सिंचाई मिशन**–इसके अन्तर्गत 2700 करोड़ रुपए ड्रिप एवं स्प्रिंकलर, फार्म पॉन्ड, माइक्रो इरिगेशन पर खर्च होंगे।

**(2) राजस्थान जैविक खेती मिशन**–इसके अन्तर्गत **ऑर्गेनिक कॉमोडिटी** बोर्ड का गठन होगा। इस मिशन में 600 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

**(3) राजस्थान बीज उत्पादन एवं वितरण मिशन**–इसके अन्तर्गत 30 करोड़ रुपए खर्च कर 9 लाख क्विंटल बीज उत्पादन किया जाएगा। 12 लाख किसानों को नि:शुल्क बीज मिनीकिट बांटे जाएंगे।

**(4) राजस्थान मिलेट्स प्रोत्साहन मिशन**–इसके अन्तर्गत मिलेट हब के रूप में विकसित करने के लिए 15 लाख किसानों पर 100 करोड़ रुपए खर्च होंगे। बाजरा, ज्वार एवं छोटे अनाज की खेती को प्रोत्साहित किया जाएगा।

**(5) राजस्थान संरक्षित खेती मिशन**–इसके अन्तर्गत 25 हजार किसानों को ग्रीन हाउस (शेडनेट) लो टनल के लिए 400 करोड़ रुपए का अनुदान दिया जाएगा।

**(6) राजस्थान उद्यानिकी विकास मिशन**–इसके अन्तर्गत फल-बगीचे विकसित करने के लिए अनुदान 50% से बढ़ाकर 75% किया गया। मसाला फसलों और औषधीय पौधों की खेती के लिए उत्पादन क्षेत्र में विस्तार होगा।

**(7) राजस्थान फसल सुरक्षा मिशन**–इसके अन्तर्गत तारबंदी पर 100 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

**(8) राजस्थान भूमि उर्वरकता मिशन**–इसके अन्तर्गत लवणीय व क्षारीय भूमि में सुधार और हरी खाद के उपयोग से उर्वरकता बढ़ाई जाएगी। **हरी खाद** के उत्पादन के लिए किसानों को **ढैंचा बीज के मिनीकिट** नि:शुल्क उपलब्ध करवाये जाएंगे।

**(9) राजस्थान कृषि श्रमिक संबल मिशन**–इसके अन्तर्गत 2 लाख श्रमिकों को हस्तचलित यंत्र के लिए 5 हजार रु. प्रति परिवार अनुदान दिया जाएगा। एक लाख श्रमिकों को स्किल एण्ड केपेसिटी बिल्डिंग हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**(10) राजस्थान कृषि तकनीक मिशन**–इसके अन्तर्गत 60 हजार किसानों को कृषि यंत्रों पर 150 करोड़ रुपए का अनुदान मिलेगा। कृषक उत्पादन संगठन तथा कस्टम हायरिंग केन्द्रों को एक हजार ड्रोन उपलब्ध कराए जाएंगे।

**(11) राजस्थान खाद्य प्रसंस्करण मिशन**–इसके अन्तर्गत प्रसंस्करण यूनिट में 50 प्रतिशत अनुदान की घोषणा। **भरतपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर एपीकल्चर** (मधुमक्खी पालन) की स्थापना होगी। श्रीगंगानगर में शहद परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित होगी।

- **इंदिरा गांधी नहर परियोजना** में **₹1600 करोड़** की लागत से

संजीव प्रकाशन

जीर्णोद्धार एवं सिंचाई संबंधी अन्य कार्य करवाये जाएंगे।

- **4171 शेष ग्राम पंचायत मुख्यालयों** पर **ग्राम सेवा सहकारी समितियाँ** (GSS) स्थापित होगी।
- राज्य पशु **'ऊँट'** के पालन, संरक्षण तथा समग्र विकास हेतु **'ऊँट संरक्षण एवं विकास नीति'** लागू की जाएगी।
- 12 पशु चिकित्सालयों को **प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालयों में क्रमोन्नत** किया जाएगा।
- पंचायत समिति स्तर पर संचालित प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालयों में Block Veterinary Health Office (BVHO) एवं प्राथमिक रोग निदान प्रयोगशालाओं (Primary Disease Diagnosis Labs) की स्थापना होगी।
- **पशु आहार** की गुणवत्ता के लिए Regulatory Authority का गठन होगा।

**अन्य–**

- मंडी शुल्क/आवंटन शुल्क आदि की **'ब्याज माफी योजना-2019'** की अवधि **30 सितंबर, 2022** तक बढ़ाई गई।
- **31 मार्च, 2022** तक देय कृषि कल्याण शुल्क में छूट को एक वर्ष और बढ़ाया गया।
- **'डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित, आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना-2022'** लायी जाएगी।
- बकाया मांगों से सम्बन्धित शास्ति एवं ब्याज में छूट तथा मूल राशि में रियायत के लिए वाणिज्यिक कर, रजिस्ट्रेशन एवं स्टाम्प, रीको, परिवहन, आबकारी, उपनिवेशन, खनन, विद्युत निगम आदि विभागों में **एमेनेस्टी योजनाएं** लाई जाएंगी।
- **प्रदूषण नियंत्रण** हेतु CNG किट में परिवर्तित कराये जाने वाले वाहनों पर वाहन कर में **50 प्रतिशत छूट** मिलेगी।
- 13 जिलों की महत्वाकांक्षी योजना **ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट (ईआरसीपी)** के लिए **पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना निगम** का गठन होगा। इस पर **₹9600 करोड़** खर्च होंगे।
- **राजस्थान गारंटी सर्विस डिलिवरी एवं अकाउंटेबिलिटी एक्ट** लाया जाएगा। इससे लोगों को **जवाबदेही एवं पारदर्शिता के साथ समय पर सेवाएं** उपलब्ध हो सकेंगी।

**राज्य विधानसभा में बहस के दौरान 3 मार्च, 2022 को बजट संबंधी प्रमुख घोषणाएँ–**

- महात्मा गांधी नरेगा के तहत **सहरिया, कथौड़ी जनजातियों** व **विशेष योग्यजन श्रमिकों** के लिए **200 दिवस** का रोजगार।
- सरकारी विद्यालयों में MDM के तहत सप्ताह में **दो दिन दूध** उपलब्ध कराया जायेगा।
- अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में **प्री प्राइमरी बाल वाटिकाएँ** खोली जायेंगी।
- **असंगठित क्षेत्रों** के मजदूरों, कामगारों, रेहड़ी/ठेले वालों तथा परम्परागत व्यवसायों से जुड़े कारीगरों को दक्षता विकास एवं कल्याण के लिए **लेबर वेलफेयर बोर्ड** का गठन।
- ₹1750 करोड़ की लागत से 2500 किमी **गांधी विकास पथ** बनेंगे।
- **नागौर** में **ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज केन्द्र** बनेगा।
- **दौसा-टोंक** में चमड़ा उत्पाद, **चूरू-बीकानेर** में बंधेज एवं **बाड़मेर-बीकानेर** में कशीदाकारी क्लस्टर बनेंगे।
- 2 हजार से अधिक आबादी वाली पंचायतों में 4 हजार सामुदायिक स्वच्छता परिसर बनाए जाएंगे।

**वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा पर 21 मार्च, 2022 को की गयी बजट घोषणाएँ–**

- अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों को भी अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना का लाभ मिलेगा।
- महिलाओं को कर्ज देने के लिए जयपुर में अलग से महिला को-ऑपरेटिव बैंक खोला जाएगा। सरकार बैंक को शुरुआत में ₹250 करोड़ का फंड देंगी।
- **विशेष योग्यजन** को पेंशन के साथ 1000 रुपए मासिक मदद मिलेगी।
- 2 लाख बालिकाओं को **रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण** दिया जाएगा।
- शिक्षा का अधिकार के तहत निजी स्कूलों में **12वीं कक्षा** की छात्राओं का **इंदिरा महिला शक्ति निधि** से फीस का पुनर्भरण होगा।
- **ओलम्पिक, एशियन** एवं **राष्ट्रमंडल खेलों** में पदक विजेता खिलाड़ियों, अर्जुन व द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित खिलाड़ियों, पैरा खिलाड़ियों और कोच को **40 वर्ष की उम्र** पूरी करने पर **20 हजार रुपए प्रतिमाह की पेंशन** दी जाएगी।
- राज्य कार्मिकों की **वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रक्रिया (A.C.R.)** ऑनलाइन होगी तथा यह निश्चित समय पर टिप्पणी नहीं करने पर ऑटो फॉरवर्ड हो जाएगी तथा **डीपीसी भी वर्ष में दो बार** होगी।
- **कोविड** की परिस्थिति को देखते हुए **मेडिकल हेल्थ वोलेंटियर फोर्स** का गठन होगा।
- **माउंट आबू** में **एडवेंचर स्पोर्ट्स ट्रेनिंग एंड माउंटेनियरिंग सेंटर** खुलेगा।
- गाड़िया लोहारों का आवास अनुदान ₹70000 से बढ़ाकर 1,20,000 रुपये होगा।
- शुद्ध के लिए युद्ध अभियान चलाने के लिए **फूड सेफ्टी एंड ड्रग कंट्रोल कमीशन** की स्थापना होगी।
- विमुक्त, घुमंतु, अर्द्धघुमंतु वर्ग के उत्थान के लिए **डीनोटिफाइड ट्राइब्स पॉलिसी** बनेगी।

संजीव प्रकाशन

## ★★★ महत्त्वपूर्ण प्रश्नोत्तर ★★★

- **राजस्थान सरकार का वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए बजट किस तिथि को राज्य विधानसभा में प्रस्तुत किया गया?**
  (1) 1 मार्च, 2022 (2) 01 फरवरी, 2022
  (3) 15 फरवरी, 2022 (4) 23 फरवरी, 2022 (4)
- **राजस्थान का प्रथम कृषि बजट किस वर्ष के लिए प्रस्तुत किया गया?**
  (1) 2022-23 (2) 2020-21
  (3) 2021-22 (4) 2018-19 (1)
- **राजस्थान बजट 2022-23 के संबंध में कौनसा कथन सत्य है—**
  (1) इसका आकार (मार्गोपाय अग्रिम सहित) 3.46 लाख करोड़ है।
  (2) सर्वाधिक खर्च राजस्व व्यय के अन्तर्गत 60.55% प्रस्तावित है।
  (3) क्षेत्रवार सर्वाधिक व्यय सामाजिक एवं सामुदायिक सेवाओं पर किया जाना प्रस्तावित है।
  (4) उपर्युक्त सभी तथ्य सही हैं। (4)
- **राजस्थान बजट 2022-23 की घोषणा के अनुसार सामाजिक सद्‌भावना एवं समरसता पर शोध हेतु सेंटर ऑफ एक्सीलैंस एंड रिसर्च की स्थापना कहाँ पर की जाएगी?**
  (1) जयपुर (2) जोधपुर
  (3) अजमेर (4) भरतपुर (2)
- **राजस्थान में नवीन नगरीय विकास प्राधिकरण की स्थापना किन दो नगरों में की जाएगी?**
  (1) श्रीगंगानगर, पाली (2) पाली, भीलवाड़ा
  (3) उदयपुर, कोटा (4) अलवर, भरतपुर (3)

❑❑❑

संजीव प्रकाशन